हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025



04 हाइवे किनारे अतिक्रमण, मनमुताबिक डिवाइडर...





08 कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे: रोल...






### स्वच्छता प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# दौराः सेहत की चौखट पर नहीं मिली सफाई, नाराज हुईं कलेक्टर सोनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता में सुधार को लेकर कलेक्टर काफी संजीदगी बरत रही है। सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल परिसर की स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के प्रत्येक चिकित्सा खंड में पहुंचकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने सर्जिकल वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा की तथा अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उपचार सुविधाओं एवं दवाइयों के संबंध में फीडबैक लिया। उपचार और सुविधाओं के निर्देश दिए।

सेहत की दहलीज पर सोमवार को पहुंची कलेक्टर सोनिया मीना को अस्वच्छता से रूबरू हुईं।



### उपस्थिति रजिस्टर की जांच की

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान स्थापना कक्ष में पहुंचकर कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल का भी अवलोकन कर उपस्थिति की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा खुली नाली पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए उसे तत्काल एवं व्यवस्थित रूप से ढांकने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नाली को पूरी तरह से कवर किया जाए, जिससे मच्छरों का प्रसार, गंदगी के फैलाव के साथ-साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

### स्वच्छता प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल (ध्वस्त) किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं सीएमओ के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र की जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर के विभिन्न स्थानों पर खराब स्वच्छता व्यवस्था पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पताल स्वच्छता प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि नगर पालिका अमले द्वारा इन सभी स्थानों की गहन सफाई तत्काल करवाई जाए। कलेक्टर ने भोजशाला का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मरीजों को प्रदान किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मशीनों को अवलोकन कर जानकारी ली

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने लॉन्ड्री कक्ष पहुंचकर वार्डों में उपयोग होने वाली चादरों एवं अन्य कपड़ों की धुलाई हेतु प्रयोग में लाई जा रही मशीनों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कक्ष में मशीनें खराब एवं अनुपयोगी पाई गईं, जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ, नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि ऐसी सभी खराब एवं अनुपयोगी वस्तुओं को सूचीबद्ध कर नियमानुसार उनकी नीलामी सुनिश्चित की जाए।

# मढ़ई क्षेत्र में मिला 3 वर्ष के नर तेंदुए का शव मौत के कारण खोज रहा एसटीआर प्रबंधन

### मृत्यु संभवतः बाघ तथा तेंदुए के आपसी संघर्ष होने से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वर्षांत पर पर्यटकों की भारी संख्या में आमद हुई है, जिससे प्रबंधन बहुत खुश है। लेकिन सोमवार शाम कोर क्षेत्र से एक दुखद सूचना आई है कि नर तेंदुए का शव मिला है तथा मृत्यु के कारणों की खोज रिजर्व प्रबंधन द्वारा की जा रही है। मामले में सोमवार शाम लगभग 7:30 बजे रिजर्व के सहायक संचालक ने प्रेस नोट जारी किया है जिसके अनुसार 29 दिसंबर 2025 को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत बीट मढ़ई परिक्षेत्र कामती में लगभग तीन वर्ष के नर तेंदुए का शव मिला है। प्रेसनोट के अनुसार तेंदुए की मृत्यु संभवतः बाघ तथा तेंदुए के आपसी संघर्ष होने से हुई है। चूंकि शव के कुछ दूरी पर बाघ एवं तेंदुए के पग मार्क मिले हैं, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं मृत तेंदुए के शरीर पर बाघ के नाखूनों से चोटिल किया जाना भी पाया गया है। साथ ही तेंदुए की पसलियां एवं रीड की हड्डी टूटी पाई गई हैं।

### शव में हल्की अकड़न अर्थात सुबह की घटना

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहायक संचालक आशीष कुमार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार सुबह की ही है, जब बाघ तथा तेंदुए के बीच संघर्ष हुआ हो। क्योंकि सोमवार दोपहर में तेंदुए का शव देखा गया तथा जांच दौरान शव में हल्की सी अकड़न थी। आशीष कुमार के अनुसार ठंड के मौसम में भी पूर्ण रूप से शव में अकड़न आने में लगभग 12 घंटे का समय लगता है। अतः यह निश्चित है कि बाघ तथा तेंदुए के बीच संघर्ष की स्थिति सोमवार सुबह ही बनी होगी तथा सोमवार सुबह ही तेंदुए की मृत्यु हुई है। आशीष कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम किया जा चुका है।

### विश्वास ही भगवत प्राप्ति का प्रथम सोपानः आचार्य पुष्कर परसाई

**नर्मदापुरम।** ईशान परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के पंचम दिन भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य पुष्कर परसाई जी ने कहा भगवान से सम्बन्ध स्थापित होना चाहिए। ग्वाल बालों ने मित्रवत भगवान को पा लिया ,गोपियों ने प्रेम से ,वृद्धों ने पुत्रवत व शिशुपाल कंस आदि दैत्यों ने द्वेष व शत्रुवत भगवान को प्राप्त कर लिया । इसलिए भगवान से कोई न कोई सम्बन्ध स्थापित अवश्य करें का वृतांत कथा के माध्यम से सुनाया।

# धारदार हथियार से हत्या, शव को गुजरवाड़ा कुएं में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखननगर युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव को कुएं में फेंके जाने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी अनूप उइके ने बताया घटना रविवार रात की है। संजय कहार को उसके दोस्त सागर कुचबंदिया ने फोन करके बुलाया। गायत्री कॉलोनी में सागर पारस और कुलदीप अहिरवार ने संजय के साथ मारपीट की और उसके शव को गुर्जर वाडा के शमशान घाट के सूखे कुएं में फेंक दिया। संजय के मामा देवेंद्र ने घटना की जानकारी रविवार की रात लगभग 9:30 बजे 112 पर फोन लगाकर पुलिस दी।

रात में 3:00 बजे संजय का शव कुएं से निकाल पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लेकर आए। टी आई उइके ने बताया फरियादी देवेंद्र की रिपोर्ट पर सागर कुचबंदिया, पारस कुचबंदिया, कुलदीप अहिरवार के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर रमेश ने बताया युवक के छाती के आप-पास धारदार हथियार के घाव है इससे उसकी मृत्यु हई है। हत्या को लेकर प्रेम प्रसंग के कयास लगाए जा रहे है।

# बंदोबस्तः नववर्ष के जश्न पर रहेगी पुलिस की नजर, हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल के पहले पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। नए साल के नाम पर हुड़दंग करने वालों अथवा शराब पीने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। ढाबों होटलों और नए वर्ष के स्वागत हेतु लोगों के समूह में एकत्रित होने के स्थलों, पिकनिक पॉइंट, धार्मिक स्थल और पर्यटन स्थलों पर पुलिस की उपस्थिति और पेट्रोलिंग बनी रहेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग की जाएगी और उनका वाहन जप्त कर अन्य साधन से घर भेजा जाएगा इनका प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जहां पर न्यूनतम 10 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। सड़क पर केक काटने, मार्ग अवरुद्ध करने, चलते वाहन की छत या बोनट से शरीर को निकाल कर नाचना या वीडियो बनाना, ट्रिपल राइडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, बिना लाइसेंस वाहन चलाना, अत्यधिक ध्वनि, मोडिफाइड साइलेंसर, सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी और इनका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की कार्यवाही की जायेगी। नर्मदापुरम शहर में कोतवाली देहात और यातायात पुलिस द्वारा लगातार तीन दिनों तक विभिन्न छह स्थानों पर चेकिंग की जाएगी जिसका चेकिंग स्थान रात में ही कुछ समय चेकिंग उपरांत परिवर्तित होता रहेगा।

यही प्रक्रिया जिले के सभी थानों में विभिन्न स्थानों पर होगी।नर्मदापुरम पुलिस शांतिपूर्ण, मर्यादापूर्ण तरीके से नव वर्ष के अवसर का आनंद लेने, दुर्घटना मुक्त कार्यक्रम मनाने और व्यवस्था में सहयोग की अपील की है।

# नव वर्ष के पहले सोहागपुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, 64 लाख से अधिक की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जिला पुलिस ने नव वर्ष के पहले बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सोहागपुर में 11 हजार 229.59 लीटर अवैध शराब जिसकी कीमत 64 लाख 65 हजार 638 रूपये सहित परिवहन में उपयोग वाहन को जब्त किया है। पुलिस को सूचना मुखबिर द्वारा मिली थी कि करनपुर में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का परिवहन हो रहा है जिस पर थाना प्रभारी सोहागपुर दल के साथ पहुंचे और ट्रक क्रमांक यूपी 92 टी-5398 की तलाशी ली जिसमें सील बंद 315 कार्टून 750 मि.ली., 368 कार्टून 375 मि.ली., 60 कार्टून 180 मि.ली. की अलग-अलग बोतले जब्त की। जो कुल मिलाकर 11 हजार 229.59 लीटर आंकी गई। जिसकी कुल कीमत ट्रक सहित 68 लाख 65 हजार रूपये है। ट्रक चालक की पहचान देवेन्द्र गिर गोस्वामी निवासी देवास के रूप में हुई है। पुलिसे ने आरोपी के खिलाफ आरोपी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई में एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान, थाना प्रभारी ऊषा मरावी, उपनिरीक्षक सुरेश चौहान, आकाश दीप पचाया आदि की भूमिका रही।

# मिलर हड़ताल पर खरीदी केंद्र से नहीं उठ पा रही धान, किसान हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




पूरे प्रदेश सहित क्षेत्र के सभी राइस मिलर लगातार हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मिलर के हड़ताल से काम प्रभावित हो रहा है। सूत्रों की माने तो धान खरीदी केंद्र पर अनमितता काफी हद तक हो रही है। कोई भी मिलर धान खरीदी केंद्र पर से उठाने को तैयार नहीं है। मिलर बताते हैं कि वर्ष 24/25का भुगतान नहीं किया गया है। तथा मुख्यालय पर भी खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अधिकारियों प्रमुख सचिव सहित के साथ बैठक कर निर्णय नहीं लिया गया।

उन्होंने बताया कि आठ सूत्रीय मांगों का पत्र भी दिया गया था। पी एस ने आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अपग्रेडेशन राशि हम्माली एवं बार दाने की उपयोगिता खर्च राशि दिए जाने पर बात कही गई है। वर्ष 25/26मे किए जा रहे उपार्जन के अंतर्गत की जाने वाली मिलिंग पर भी 200 रूपए अपग्रेड राशि देने संबंधी आदेश करने की मांग की है। यदि ऐसे आदेश जारी नहीं करेंगे तो मिलर्स मिलिंग का काम नहीं करेंगे। महासंघ ने कहा है। शासन इन लोगों पर मिलिंग एक्ट पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं।यदि ऐसा है तो पहले ही चाबी सौंपने को तैयार हैं।इस बात को लेकर बैठक में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अधिकारी वर्ग ने आश्वासन दिया है। हड़ताल बढ़ने आसार बने हुए है। तभी जाकर डीओ कटने पर ही केंद्रित से मिलर धान उठाएंगे।

# कमल झा बने जनपरिषद के कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने , संस्था के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ ओएन चौबे, चैप्टर अध्यक्ष पीयूष शर्मा एवं वूमेन विंग की अध्यक्ष नीरजा फौजदार की अनुशंसा पर सुप्रसिद्ध फिल्म डायरेक्टर,गायक कमल झा को होशंगाबाद चैप्टर का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है । जन परिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव एवं कमल झा के अनुसार जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है।संस्था पर्यावरण पर ग्यारह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। अगली कॉन्फ्रेंस बैंकॉक और मलेशिया में होगी । संस्था के इस समय पूरे देश में 300 से अधिक एवम् विदेशों में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवम् सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्तरूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय, सामाजिक एवम् राष्ट्रीय दृष्टिकोण है ।

# सद्भावना के साथ कांग्रेस और सेवादल ने मनाया स्थापना दिवस, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर पालिका परिषद क्षेत्र के एक निजी गार्डन में 140वा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया।इसी के साथ सेवा दल का भी स्थापना दिवस मनाया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस के 140वे तथा सेवा दल के 102वा स्थापना दिवस मनाया गया।

इस दौरान युवक कांग्रेस कमेटी के ब्लांक अध्यक्ष कमलेश साहु,एनएस यूं आईं अध्यक्ष सेवा दल ब्लांक अध्यक्ष, तथा नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पिपरिया ग्रामीण मटकुली अध्यक्ष राधेश्याम ठाकरे दीपसिंह रंजीत सिंह छाबड़ा हरीश बेमन सहित तमाम कांग्रेसी नेताओं के साथ महिला मोर्चा से हर्ष लता राजपूत पार्षद ,सुधा सिलावट समस्त युवक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शरद चौधरी, सुनीत पुरोहित ने मंच संचालन किया।फहीम अब्दुल्ला सहित सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस को मजबूत करने की बात कही। सद्भावना दिवस पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का सम्मान किया गया।नव नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। कांग्रेस में नया जोश भरने का प्रयास किया गया।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर आए दिन हो रहे अत्याचार एवं हाल ही में हिंदू दीपू दास गुप्ता की जिहादी आतंकवादियों द्वारा जिंदा जलाकर मार देने की घटना के विरोध में सकल हिंदू समाज द्वारा बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का शव यात्रा रेलवे स्टेशन ग्राम जमुनिया से निकाली गई जो स्टेशन रोड होते हुए पीपल चौक सेमरी हरचंद पहुंची शव यात्रा में आक्रोशित युवाओं के हाथ में आतंकवाद मुर्दाबाद जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई हिंदू एकता जिंदाबाद हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो जैसे नारे लिखी तख्तियां थी शव यात्रा पीपल चौक पहुंची जहां युवाओं द्वारा बांग्लादेशी आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में संदीप महेश्वरी,राम पटेल ललित पटेल सौरभ मड़वार प्रियांशु गोस्वामी राकेश पटेल विक्रम पटेल अनुराग पटेल कृष्ण कुमार पटेल शिवा पटेल सुजीत पटवा गौरव कुशवाहा आदि मौजूद थे।

### नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कार्यक्रम आयोजित

# स्पोर्ट्र्स कार्निवल में नन्हे खिलाड़ियों का उत्साह अविभावकों की रही शानदार सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल, नर्मदापुरम में आज कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए भव्य स्पोर्ट्स कार्निवल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अभिभावक भी बढ़-चढ़कर उपस्थित रहे। उन्होंने तालियों और उत्साहपूर्ण प्रोत्साहन से बच्चों का मनोबल बढ़ाया, जिससे पूरा परिसर उल्लास और ऊर्जा से भर गया।




इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल सेठा रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी देखने को मिलीं, जिन्होंने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, इमरान खान तथा समन्वयक श्वेता शुक्ला का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। स्पोर्ट्स कार्निवल न केवल खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय के बीच एक मजबूत जुड़ाव का सुंदर उदाहरण भी बना।

### हांका दल ने 27 आवारा पशुओं को पकड़ा

**नर्मदापुरम।** नपा के हाका दल द्वारा प्रतिदिन आवारा पशुओं को नगर सीमा से किए जा रहे हैं। सोमवार को हाका दल द्वारा 27 आवारा पशुओं को नगर सीमा से बाहर किया गया है। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर आवारा पशुओं को नगर सीमा से बाहर किया जा रहा है। सोमवार को हाका दल द्वारा विशेष अभियान चलाकर नगर में आवारा घूम रहे सांडों को कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा और उन्हें नगर सीमा से बाहर किया गया। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के पशु पालकों से आग्रह किया है कि वे अपने पशुओं को खुला न छोड़ें वे सड़क पर घूमते हैं जिससे इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।




ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि

नर्मदापुरम् जिले में एजेन्सी देना है।

बनखेड़ी, पिपरिया, आंचलखेड़ा, डोलरिया, सिवली मालवा, केसला, ब्यावरा, तवा रिसर्व

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858, 9827743042

खबर संक्षेप

## रबी फसल बीमा की अंतिम तिथि कल

**बैतूल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2025-26 में कृषकों के फसल बीमा योजना के लिए बैंक द्वारा कृषक प्रीमियम राशि जमा करें जाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित है। इस संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उपसंचालक ने बताया कि किसान रबी मौसम में अधिसूचित फसलों की 1.5 प्रतिशत प्रीमियम राशि जमा कर फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से करा सकते है। ऋणी, अऋणी कृषक अधिसूचित फसलों का बीमा प्रीमियम जैसे गेहूं सिंचित 645.75 रुपए प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित 393.75 रुपए प्रति हेक्टेयर, चना 504 रुपए प्रति हेक्टेयर, सरसों 481.95 रुपए प्रति हेक्टेयर का भुगतान कर जिले के समस्त सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर एवं प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से फसल बीमा कर सकते हैं। जिन किसान भाइयों ने केसीसी का लाभ नहीं लिया है वे सभी कृषक फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में जमीन की बही, आधार कार्ड, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, बटाईदार इकरारनामा, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ उक्त केंद्रों पर उपस्थित होकर अपनी फसल का बीमा कर सकते हैं। उन्होंने सभी कृषकों से रबी 25-26 में अधिसूचित फसलों का अधिक से अधिक बीमा कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## अटल स्मृति वर्ष में महिला मोर्चा ने आयेजित की रंगोली प्रतियोगिता

**बैतूल।** अटल स्मृति अभियान के अंतर्गत भाजपा द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। सोमवार को महिला मोर्चा द्वारा जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों द्वारा अटल जी के जीवन दर्शन पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई गई। प्रतिभागियों को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ममता मालवी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। उनके 101 वें जन्मदिन को भाजपा द्वारा अटल स्मृति वर्ष के रूप मे मनाया जा रहा है। पार्टी द्वारा अनेक प्रकार के रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कर अटल जी की उपलब्धियां एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से नई पी?ी को अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र संजू सोलंकी, वरिष्ठ नेता मधु पाटनकर, पर्वतराव धोटे, विजय खातरकर, विजय खंडेलवाल, अनुज आर्य, महिला मोर्चा की सुनीता देशमुख, वर्षा खाडे, नीलम वागद्रे, माधुरी साबले, शारदा पाटिल, नीतू नानकर, मीना बोरबन, बिल्लो पंवार, प्रमीला कामतकर, सहित बडी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

### एनएचएआई ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांगा सहयोग

# हाइवे किनारे अतिक्रमण, मनमुताबिक डिवाइडर काटकर बना लिया रास्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नेशनल हाईवे पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के अनुसार डिवाइडर को तोडक़र रास्ता बना लिया है। कई लोगों ने तो सडक़ किनारे अतिक्रमण तक कर लिया है। इन लापरवाहियों से भविष्य में बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए अब एनएचएआई ने सख्त रूख अपना लिया है। एनएचएआई के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने और अवैध रास्तों को बंद करने के लिए सहयोग का अनुरोध किया है।

दरअसल राष्ट्रीय राजमार्ग-46 (इटारसी-बैतूल) और इंदौर-बैतूल नेशनल हाइवे-47 पर लोगों ने अपनी सुविधाओं के अनुसार डिवाइडरों को तोडक़र रास्ता बना लिया है। जहां से दोपहिया वाहन आसानी से एक लेन से दूसरी लेन पर पहुंच रहे है। ऐसे में इन मीडियन कट पर हमेशा हादसो का खतरा बना रहता है और बार लोगों की यहीं लापरवाही के कारण वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। लेकिन अब एनएचएआई ने ऐसे अवैध मीडियन कट और अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा है।

### अतिक्रमण कर बना ली दुकान और ढाबे

एनएचएआई ने जिला प्रशासन को लिखे पत्र में बताया कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों राष्ट्रीय राजमार्गो के राइड ऑफ वे क्षेत्र में बड़ी संख्या में अस्थाई और स्थाई अतिमक्रण है। इसमें दुकानें, ढाबों, निर्माण सामग्री के ढेर, सर्विस रोड पर खड़े वाहन तथा अवैध कट शामिल है। इससे सडक़ सुरक्षा प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। प्राधिकरण के अनुसार सडक़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध मीडियन ओपनिंग को बंद करना आवश्यक है। इसके अलावा भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिन लोगों ने हाइवे किनारे अवैध रूप से निर्माण या मटेरियल डालकर रखा है, उन्हें भी हटाना अतिआवश्यक है। इसके लिए पूर्व में भी जिला प्रशासन एवं राजमार्ग प्राधिकरण के बीच समंवय किया गया था।

### सड़क बनने से वाहनों की रफ्तार में आई तेजी

राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद सडक़ों पर ट्रैफिक बढ़ गया है। इसके अलावा वाहनों की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में यदि कोई अचानक सामने आता है तो दुर्घटना होना तय है। बताया जाता है कि लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार डिवाइडर को तोडकर रास्ता बना लिया है। जिससे एक लेन से दूसरे लेन पर पहुंचते हैं। डिवाइडर तोडकर बनाए गए रास्ते से दो पहिया और चार पहिया वाहन भी निकलते हैं। इस दौरान थोडी सी लापरवाही हादसे का कारण बनते जा रही है। कई जगहों पर वाहन चालक डिवाइडर पर गाडी चढ़ाकर एक से दूसरी ओर आते-जाते है। इस दौरान हाइवे से तेज गति से गुजरने वाले वाहनों से टक्कर होती है। सबसे अधिक घटनाएं रात के समय होती है। डिवाइडर के बीच से बाइक सहित अन्य वाहन निकालने के दौरान हाइवे से गुजरने वाले वाहनों की गति का अंदाजा नहीं लग पाता है। डिवाइडर से हाइवे पर वाहन पहुंचते ही टक्कर हो जाती है।

### ऐसे मामलों में कार्रवाई का प्रावधान

पत्र में यह भी बताया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग (भूमि एवं यातायात) नियंत्रण अधिनियम 2002 की धाराओं 24, 26, 27 एवं 31(2) के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अनिवार्य है। एनएचएआई ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति किए गए अतिक्रमण एवं अवैध कट न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि ये गंभीर सडक़ हादसों का कारण भी बनते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाही का प्रावधान है। पत्र में स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग से सहयोग लेकर प्रभावी रूप से अतिक्रमण हटाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने का आग्रह किया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाए गए तो भविष्य में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ सकती है। इसलिए जनहित और सडक़ उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कार्रवाही जरूरी है।

**पत्र लिखा है**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण और अवैध मीडियन ओपनिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। जिला प्रशासन के सहयोग में इन्हें हटाकर सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिवामण हटाने के लिए कलेक्टर को भी पत्र लिखा है।

**- मनीष मीणा**, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

## ग्राम पंचायत कुटंगा के झिरना धाम में जन सहयोग से किया बोरी बंधान



**बैतूल।** मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर तथा जिला कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद विकासखंड चिचोली एवं भीमपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन भीमपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुटंगा के झिरना धाम में किया गया। जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि बोरी बंधान में लगभग 400 बोरियों का उपयोग कर जल संचयन किया गया। इस बोरी बंधान के माध्यम से संचित जल का उपयोग सिंचाई एवं ग्रीष्मकाल में विभिन्न आवश्यकताओं के लिए किया जा सकेगा। साथ ही सीएमसीएलडीपी छात्रों को बोरी बंधान की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने प्रयोगशाला ग्राम में आवश्यकता अनुसार बोरी बंधान कार्य कर सकें। कार्यक्रम को जनसहयोग से भी सफल बनाया गया। इस अवसर पर दोनों ब्लॉकों के ब्लॉक समन्वयक राजू मांडवे, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं, जन अभियान परिषद से संबंधित नवांकुर संस्थाए संस्कार ग्राम उत्थान समिति असाड़ी, सागर ग्राम उत्थान एवं महिला बाल विकास समिति चिरापटला, नव एकलव्य मानव सेवा समिति खुरदा, स्व. मनोहर सिंह गौतम मेमोरियल एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी आदर्श धनोरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अटारी के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से परामर्शदाता लवकेश मोरसे, कमलेश लोखंडे, देवेंद्र धोटे, मदन मालवी, पूजा मोरले, दीपिका सराठे, ब्रजेश इरपाचे, राजकुमार बंशकार, मीनाक्षी वागद्रे, शंकर चौहान, ग्राम कुटंगा के सरपंच, सचिव, समाजसेवी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भागवत महापुराण कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन



**शाहपुर।** ग्राम सोहागपुर ढाना में गुलाब सिनोटिया द्वारा अपने पूर्वजों की याद और सनातन धर्म के लिए कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। जिसकी शुरूआत 24 दिसंबर बुधवार से हुई और आज 30 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ भंडारा कार्यक्रम के पश्चात कथा का समापन किया जायेगा। कथा में पचमढ़ी से पधारे कथावाचक पंडित राजुल पांडे ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पर्वत की कथा कथा भक्तों को श्रावणित कराई है। बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्णा का स्वरूप धारण कर कथा को अत्यंत मनमोहक एवं मधुर बनाया गया है। कथा में दूर-दूर से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचकर भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। कथावाचक पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी के कथा श्रवणीत कराने की शैली इतनी सुंदर और भक्तिमय है कि भक्त आनंदित एवं प्रसन्न होते हैं। पूर्ण कथा का आनंद मंत्रमुग्ध होकर लाभ प्राप्त करते हैं।

## 129वें मन की बात में सारनी नगर मंडल की शानदार उपलब्धि

### बैतूल जिले में प्रथम, प्रदेश में 46वां स्थान

**सारनी।** सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात के वर्ष के अंतिम 129वें एपिसोड के सफल आयोजन एवं व्यापक जनसहभागिता के आधार पर भारतीय जनता पार्टी सारनी नगर मंडल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है।



इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते सारनी नगर मंडल ने बैतूल जिले के 30 मंडलों में प्रथम स्थान तथा मध्यप्रदेश के 1313 मंडलों में 46वाँ स्थान प्राप्त कर संगठनात्मक मजबूती एवं सक्रियता का परिचय दिया है। यह उल्लेखनीय सफलता सारनी नगर मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत के कुशल दूरदर्शी सशक्त अनुशासित एवं प्रेरक नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम है। उनके मार्गदर्शन में मंडल के कुल 48 बूथों जिनमें 21 बूथ सारनी 24 बूथ पाथाखेड़ा एवं 3 ग्रामीण बूथ सम्मिलित हैं। समस्त बूथ अध्यक्षों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया। इस उपलब्धि पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने सारनी नगर मंडल को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता जिले में संगठन की मजबूत संरचना बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यप्रणाली और कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रमाण है उन्होंने मंडल अध्यक्ष एवं समस्त टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई। वहीं विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने सारनी नगर मंडल की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सारनी नगर मंडल ने अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा संगठन की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही ऐसे परिणाम सामने आते हैं। विधायक पंडाग्रे ने मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत सहित सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मंडल अध्यक्ष राजपूत ने कहा कि यह सफलता बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत तथा प्रधानमंत्री जी के विजन को जन-जन तक पहुंचाने की सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**मिलेट्स से बने व्यंजनों और महिला उद्यमिता का रहेगा संगम**

## 11 से 13 जनवरी तक शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में सजेगा श्री अन्न मेला

### श्री अन्न की राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर लहरी बाई विशेष रूप से रहेंगी उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने और नारी सशक्तिकरण को नई पहचान देने के उद्देश्य से आगामी 11, 12 एवं 13 जनवरी 2026 को श्री अन्न (मिलेट्स) मेला-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में प्रत्याशा फाउंडेशन एवं ताप्ती दर्शन बैतूल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। मेले की थीम नारी सशक्तिकरण रखी गई है, जबकि श्री अन्न की राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर लहरी बाई विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री जनजाति मामले दुर्गादास उईके की मंशा के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि श्री अन्न के उपयोग को प्रोत्साहन मिले और मोटे अनाज की



खेती करने वाले किसानों एवं इससे उत्पाद तैयार करने वालों को बाजार उपलब्ध हो सके। मेले का शुभारंभ 11 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि हेमंत खंडेलवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष दुर्गादास उईके एवं अति विशिष्ट अतिथि सुश्री लहरी बाई की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम में मोहन नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद, राजा पवार जिला पंचायत अध्यक्ष, योगेश पंडाग्रे विधायक आमला सारणी, गंगा बाई उईके विधायक घोड़ाडोंगरी, पार्वती बाई बारस्कर नगर पालिका अध्यक्ष, सुधाकर पवार जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी तथा उज्जैन से सुषमा यादव योगाचार्य एवं राज्य मीडिया प्रभारी पतंजलि भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

मेले में श्री अन्न से बने इडली, केक, रोटी, बाटी, हलवा, अप्पे, पूरी, पिज्जा, महुआ के लड्डू, खीर, रबड़ी, खिचड़ी जैसे व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। साथ ही ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी, ऑर्गेनिक अनाज, दालें, गुड़ और नवरत्न आटा विक्रय के लिए रहेगा। प्रत्याशा फाउंडेशन की अध्यक्ष सुश्री तूलिका पचौरी ने बताया कि यह मेला घरेलू स्तर पर खाद्य सामग्री तैयार करने वाली महिलाओं को मंच और बाजार देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। ताप्ती दर्शन की अध्यक्ष श्रीमती निमिषा शुक्ला ने कहा कि जिले के किसानों और महिलाओं के उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाना ही मुख्य लक्ष्य है। कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला धोत्रे ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने की बात कही, वहीं ममता कूबड़े ने बताया कि अचार, पापड़ और बड़ी बनाने वाली महिलाओं को रोजगार से जोडऩे का यह सशक्त प्रयास है। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गायन, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित युगल फैंसी ड्रेस झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### शिकायतों को लंबित रखने वाले तहसीलदार, नायब तहसीलदार को नोटिस

# जनहित के कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं समय-सीमा में हो काम: कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके लिए विभागीय अधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि समन्वय और नियमित समीक्षा से ही बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। सभी अधिकारी सतत फील्ड में रहकर कार्यों को देखें और समस्याओं का मौके पर समाधान करें।

बैठक के दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने आगामी गणतंत्र दिवस समारोह 2026 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मंच सज्जा, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी, अतिथि व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता, पेयजल, लाइटिंग, सहित सभी व्यवस्थाओं के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने



समारोह को गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन विभाग की कर वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जलकर, संपत्ति कर, भूमि, दुकान और बाजार शुल्क सहित सभी मदों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि वसूली में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका और नगर परिषदों के सीएमओ को निर्देश दिए कि वसूली अभियान में तेजी लाई जाए। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को भी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि इस सप्ताह जिन नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत से कम वसूली पाई जाएगी, वहां जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बकाया करदाताओं की सूची तैयार कर विशेष अभियान चलाने, बड़े बकायादारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली करने के निर्देश दिए।

### 50 दिवसीय शिकायत का करें त्वरित निराकरण

कलेक्टर सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग किसान कल्याण, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, नगरी आवास को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता से संवाद कर वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवसीय शिकायतों को लंबित रखने वाले तहसीलदार, नायाब तहसीलदार को शोकाज नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं अक्षत जैन, अपर कलेक्टर वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद आदि रहे मौजूद।

## केबी सिंह ने बगडोना में शिक्षा की अलख जगाकर कई छात्रों का संवारा भविष्य

### अंत्येष्टि आज, कर्मयोगी से हर वक्त ताजा रहेंगी सिंह सर

**बैतूल/सारनी।** बगडोना के ठाकुर रघुराज सिंह मेमोरियल हाईस्कूल के संचालक व वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंह ठाकुर के ससुर प्रसिद्ध शिक्षाविद कुंवर बहादुर सिंह (के. बी. सिंह) का सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे दुखद निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। 30 दिसंबर मंगलवार को सुबह दस बजे बगड़ोना निवास से अंतिम यात्रा शोभापुर मोक्षधाम के लिए निकलेगी। उनके निधन पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी संवेदना जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रसिद्ध शिक्षाविद के.बी. सिंह का जन्म रायबरेली जिले के ग्राम कोरिहरा में 07 मार्च 1937 को हुआ था। उनकी प्राथमिक एवं हाई स्कूल तक की शिक्षा रायबरेली से तथा एम.ए. (अर्थशास्त्र) एवं

बी.टी. (बैचलर ऑफ टीचर) की पढ़ाई डी. बी.एस. कॉलेज कानपुर से की। जनता उ.मा.वि. शाहपुर में 1963 से जून 1978 तक व्याख्याता, डब्लूसीएल. द्वारा संचालित उ. मा. विद्यालय, पाथाखेड़ा में जुलाई 1978 से जून 1999 तक प्राचार्य पद पर रहे। यहां उनके कड़े अनुशासन के सभी कायल थे।उनके प्राचार्य पद पर रहते हुए उनके अनेक विद्यार्थियों ने प्रशासनिक एवं राजनीति के महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर स्कूल एवं उनका नाम रोशन किया। उन्होंने 1999 से अपने पिता की स्मृति में ठाकुर रघुराज सिंह मेमोरियल हाईस्कूल बगडोना में स्कूल प्रारंभ



किया। प्रसिद्ध शिक्षाविद के.बी. सिंह ने 13 वीं वर्ल्ड एजूकेशन फैलोशिप कान्फ्रेंस मुंबई में जनवरी 1986 में शामिल होकर इकोनॉमिक्स ग्रोथ एंड एजूकेशन पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद 14 वीं वर्ल्ड एजूकेशन फैलोशिप कान्फ्रेंस आस्ट्रेलिया के एडिलेड में सितंबर 1988 में शामिल होकर चाइल्ड केयर एंड कम्यूनिटी पर व्याख्यान दिया। मई 1995 में बैंगलोर में शिक्षाविदों के सम्मेलन में गार्जियनशिप इन एजूकेशन पर दिए व्याख्यान को खूब ख्याति मिली. वहाँ के बुद्धिजीवियों ने उनके पांच व्याख्यान आयोजित कराए. 26 जनवरी 2009 में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कलेक्टर द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्राचार्य पुरस्कार से उन्हें सम्मानित किया गया। वेस्टर्न कोल फील्ड (वेकोलि) के महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के कोयला उद्योग क्षेत्रों के विद्यालयों की प्रतियोगिता में निरतंर सात वर्ष तक उ.मा. वि. पाथाखेड़ा के प्रथम आने पर तत्कालीन केंद्रीय कोयला मंत्री पी.ए. संगमा द्वारा 1987 में नागपुर में सम्मानित किया गया। वे विवेकानंद स्मारक न्यास कन्याकुमारी तमिलनाडु के आजीवन सदस्य तथा मा. शिक्षा मंडल भोपाल की अर्थशास्त्र विषय समिति के सात वर्ष तक सदस्य रहे। 100 से अधिक पेज की इस पुस्तक की प्रस्तावना प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं ज्योतिषाचार्य कांत दीक्षित ने लिखी।

## जनशिक्षा केंद्र शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न

**सोहागपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला बिछुआ सोहागपुर में गत दिवस जनशिक्षा केंद्र शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन सहित मिडिल स्कूल कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षकों की उपस्थिति रही। संस्था प्रभारी द्वारा सभी शिक्षकों का स्वागत किया गया। जनशिक्षक लखनलाल अहिरवार एवं धनराज अहिरवार शैक्षिक संवाद में उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन अभियान 1 से 31 तक

**नर्मदापुरम।** सहायक श्रम आयुक्त, नर्मदापुरम ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा आयुष्मान भारत निरामयम् के संयुक्त तत्वावधान में मंडल के अंतर्गत पंजीकृत पात्र निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु "BOCW आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन अभियान" का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह अभियान 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत सभी पात्र निर्माण श्रमिकों एवं उनके पात्र परिवारजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

### कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

# प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छता और अमृत योजना पर की गई समीक्षा

**कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति शहरी विकास की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति शहरी विकास की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, पिपरिया विधायक प्रतिनिधि नवनीत नागपाल, नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू यादव, नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, नगर पालिका अध्यक्ष सिवनी मालवा रितेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चर्चा की गई। अमृत योजना 2.0 अंतर्गत संचालित परियोजनाओं एवं गीता भवन परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सुमीना ने समस्त नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया कि गीता भवन परियोजना के क्रियान्वयन में नियमित फॉलो-अप लिया जाए। उन्होंने गीता भवन हेतु भूमि आवंटन एवं चिन्हांकन की प्रक्रिया में संबंधित एसडीएम से सतत समन्वय स्थापित कर आगामी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विधायकगणों एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को आवासीय पट्टों से संबंधित स्वीकृत एवं अस्वीकृत प्रकरणों की बिंदुवार जानकारी सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जिन विषयों पर चर्चा की गई, उनसे संबंधित तथ्यात्मक रिपोर्ट भी समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### धान खरीदी की समीक्षा

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। धान पंजीयन की अवधि 15 सितंबर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी, जबकि उपार्जन अवधि 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 2,24,099.91 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की गई है। पंजीयन कार्य हेतु 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से कुल 32,388 किसानों का पंजीयन किया गया। इनमें से कुल पंजीकृत रकबा 91,693.89 हेक्टेयर रहा, जबकि 2,386 किसानों ने विभिन्न माध्यमों से पंजीयन कराया। ई-उपार्जन पोर्टल पर कुल 70 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 50 जेवीएस गोदाम स्तरीय, 16 शासकीय गोदाम स्तरीय, 1 समिति स्तरीय एवं 3 मंडी स्तरीय केंद्र शामिल हैं। अब तक कुल 25,016 स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। इनमें से 70 केंद्रों पर खरीदी की जा रही है।

## स्टेशन के पास सड़क किनारे से टप व चलित दुकानों को हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने सोमवार को रेलवे स्टेशन के सामने सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान मुख्य मार्ग पर आवागमन में बाधा बन रहे टप (अस्थायी ढांचे) हटाए गए तथा सड़क पर लगी चलित दुकानों को भी हटवाया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रोजाना यात्रियों और आम नागरिकों की भारी आवाजाही रहती है।

सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों और पूर्व में दी गई चेतावनियों के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका का अमला मौके पर मौजूद रहा और समझाइश देकर दुकानदारों को स्वयं अपना सामान हटाने के लिए कहा गया।

कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया, जबकि शेष अवैध रूप से लगे टॉप को दस्ते ने हटवाया। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## ग्राम पंचायत कलमेशरा में हुए सरपंच पद के लिए उपचुनाव

### 1263 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कलमेशरा में सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद पद रिक्ति पर उपचुनाव हुए हैं। सोमवार को ग्राम पंचायत अधिनियम के अनुसार सरपंच पद हेतु निर्वाचन संपादित किया गया। ग्रापं कलमेशरा अंतर्गत तीन मतदान केंद्रों पर मतदान की कार्यवाही निर्विघ्न व शांतिपूर्ण तरीके से संपादित हुई। सोहागपुर तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत में पंजीकृत 1481 मतदाताओं में से 1263 मतदाताओं के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। इस प्रकार मतदान समाप्ति तक 85.28 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना दो जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से तहसील कार्यालय सोहागपुर में संपादित होगी। प्रत्याशी सुप्यार सिंह और पूजा बाई अहिरवार रहे।

### यूं हुआ मतदान

सोहागपुर विधानसभा की निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत कलमेशरा में हुए उपचुनाव में मतदान केंद्र क्रमांक 103 कलमेशरा में 540 में से 444 वोट डाले गए। मतदान केंद्र क्रमांक 104 कलमेशरा में 391 में से 349 वोट डाले गए। वहीं मतदान केंद्र क्रमांक 105 हीरापुर में 550 वोटो में से 470 वोट डाले गए।

## गन्ने के पौधे पर 'गुड़' लटकाकर युवक कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन शिवराज से लेकर मोहन यादव तक साधा निशाना, जमकर गूंजे नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कृषि उपज मंडी परिसर में सोमवार को युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक बेहद अनूठा और कटाक्षपूर्ण प्रदर्शन किया। किसानों की बदहाली और उपज के सही दाम न मिलने से नाराज युकां नेताओं ने किसानों को गन्ने के पौधे भेंट किए, लेकिन खास बात यह थी कि इन पौधों के नीचे गुड़ बंधे हुए थे। इस प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के उस कथित बयान पर तंज कसा, जिसमें गन्ने से गुड़ 'बनाने' के बजाय 'उगाने' की बात का संकेत मिला था।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा नेता गौरव गोल्डी चौधरी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने किसानों को केवल गुमराह किया है। पहले शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे, जो किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करते थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब मोहन यादव को थोप दिया गया है, जिन्हें यह तक नहीं पता कि गुड़ बनाया जाता है, उगाया नहीं जाता। चौधरी ने आगे कहा कि आज न तो मक्का का उचित मूल्य मिल रहा है और न ही धान का। अब अपनी दशा सुधारने के लिए परिवर्तन करना स्वयं किसानों के हाथ में है।

**मंडी परिसर में गूंजे नारे, कैंटीन से शेड तक रैली:** आंदोलन की शुरुआत मंडी परिसर स्थित कैंटीन से हुई। वहां से युवक कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में निकले और मुख्य बिक्री शेड के नीचे पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी समस्याओं का इंतजार कर रहे किसानों से मुलाकात की और उन्हें गन्ने के पौधे सौंपे। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के लिए किसानों से केवल झूठे वादे किए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडी में किसानों के बीच जाकर उनकी जमीनी समस्याएं जानी हैं।

जैसवाल ने हुंकार भरते हुए कहा, हम हमेशा से किसानों के साथ थे और आगे भी उनके हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

## सांड का आतंक, दो दिन से राहगीरों पर हमला कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में पिछले दो दिनों से एक सांड का जबरदस्त आतंक बना हुआ है। जो सांड लंबे समय से शहर की गलियों में शांत देखा जाता था, वह अब अचानक हिंसक हो गया है। स्थिति यह है कि सांड रास्ते से गुजरने वाले किसी भी व्यक्ति को देखते ही उस पर हमला कर रहा है, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं।

### व्यवहार मे आए बदलाव से दहशत

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सांड काफी समय से इटारसी में ही घूमता रहा है और पहले कभी हिंसक नहीं था। लेकिन बीते दो दिनों से इसके व्यवहार में आए अचानक बदलाव से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे वह पागल हो गया हो। बाजार आने वाले राहगीर और दुकानदार अब दहशत के साये में काम करने को मजबूर हैं।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

सड़क पर सांड के हिंसक होने से राहगीरों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

नागरिकों ने नगरपालिका और प्रशासन से मांग की है कि इस हिंसक पशु को तत्काल पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

## अधिकारियों ने किया केसला में नल-जल योजनाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रशासनिक अमला सक्रिय है। इसी कड़ी में हाल ही में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी, नीलेश कुमार शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला, सुमन खातरकर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ केसला विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का सघन निरीक्षण किया।

### ग्रामीणों से संवाद और योजनाओं की स्थिति

निरीक्षण दल ने ग्राम कोतमीमाल और नयागांव का दौरा कर वहां संचालित नल-जल योजनाओं और जल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना।

### ग्राम कोतमीमाल

यहां के सरपंच और ग्रामीणों ने जानकारी दी कि गांव की नल-जल योजना सुचारू रूप से संचालित हो रही है और उन्हें नियमित लाभ मिल रहा है।

### ग्राम नयागांव

सरपंच, सचिव और ग्रामीणों ने बताया कि नवनिर्मित आरसीसी टंकी के माध्यम से अब संपूर्ण ग्राम में पेयजल की आपूर्ति सफलतापूर्वक की जा रही है।

### अधिकारियों के प्रमुख निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। योजनाओं का संचालन निरंतर और सुचारू रखा जाए ताकि ग्रामीणों को नियमित पेयजल प्राप्त हो सके। योजना के रख-रखाव और भविष्य के संचालन हेतु जल कर की राशि का संग्रहण समय पर किया जाए? इस निरीक्षण दल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री अनिल कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय प्रभारी उपयंत्री अभिनय श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की इस सक्रियता से ग्रामीणों में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है।

## बेघरों के बच्चों में वितरित किए ऊनी वस्त्र



**सोहागपुर।** ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों के बच्चों को समाजसेवी राहुल धौलपुरिया ने गत दिवस ऊनी वस्त्र वितरित किये हैं। राहुल धौलपुरिया ने गरीब और जरूरतमंद बच्चों को भोजन कराया तथा परिवारों को खानपान के लिए खाद्य सामग्री एवं बच्चों को स्कूल बैग, टिफिन, कॉपी, किताब आदि वितरण किये। राहुल धौलपुरिया का कहना है कि नए साल में सभी जश्न मनाते हैं व घूमने जाते हैं। लेकिन उन्होंने गरीब बच्चों का सहयोग किया तथा यही करने की अपील नागरिकों से की।

## चाणक्य कपः मैदान पर दिखा सर्वधर्म सदभाव का रोमांच, अखंड भारत व हैदरी क्लब ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा स्थानीय गांधी मैदान पर आयोजित आचार्य चाणक्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की झड़ी लगी रही। टूर्नामेंट के जरिए न केवल खेल प्रतिभाएं निखर रही हैं, बल्कि शहर में आपसी भाईचारे और समरसता का संदेश भी गूंज रहा है। सुबह से ही खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर था। दिनभर में कुल छह मैच खेले गए।

पहला मैच में संत शिरोमणि क्लब ने महावीर क्लब को हराकर जीत के साथ शुरुआत की। दूसरा मैचः भारतीय क्लब ने एनजीएल क्लब के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की।तीसरा मैचः बिरसा मुंडा क्लब ने वाल्मीकि क्लब को पटखनी देते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। चौथा मैचः वंशकार बंधु क्लब ने भारत क्लब पर रोमांचक जीत हासिल की।

**पांचवा मैच बड़ी जीतः** अखंड भारत निर्माता टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन टाइगर क्लब को 58 रनों के भारी अंतर से शिकस्त दी। अंतिम मैचः इंडियन हैदरी क्लब ने मिनेश क्लब को 26 रनों से हराकर जीत का परचम लहराया। खेल के जरिए सामाजिक एकता का संदेशटूर्नामेंट के संयोजक पंडित जितेंद्र ओझा ने अतिथियों के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाला एक ऐसा मंच है जहां सर्वधर्म सद्भाव की भावना को खेल के माध्यम से मजबूत किया जा रहा है।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में स्कोरर शान अली व अल्लू जोशी, कमेंटेटर राकेश पाण्डेय और अंपायर वसीम खान, कुलदीप, संदीप नामदेव, अतुल राठौर, राकेश दुबे, भानु जोशी एवं विवेक दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हिंदुओं में प्रतिरोधक उर्जा के लिए टाइगर वाहिनी का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रविवार को स्थानीय देवल मंदिर में युवाओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चिन्तन का प्रमुख मुद्दा बांग्लादेश में हो रहे हिन्दूओं की हत्या तथा मंदिरों पर आक्रमण का रहा। स्थानीय स्तर पर सर्व सहमति से हिन्दू समाज के राष्ट्र और धर्म के लिये जागरण के संस्कारित प्रतिरोध शक्ति के युवा संगठन के गठन, नाम एवं उद्देश्यों पर भी विचार करते हुआ नाम टाइगर वाहिनी दिया गया। इस संगठन के द्वारा हिन्दूओं की प्रतिरोधक क्षमता के साथ राष्ट्र भक्ति, समरसता वंछित वर्ग के बीच सेवा कार्य के प्रभावी काम युवाओं के द्वारा आने वाले समय में किया जायेगा।संगठन के मार्गदर्शन समिति में सर्व जय प्रकाश(कारिया) पटैल, गोपाल सोनी, राजकुमार मालवीय के नाम तय हुये। संस्थापक पदाधिकारियों में अध्यक्ष -शिवम सेजकर सचिव सौरभ गुप्ता के नाम सर्व सहमति से तय किये गये जल्द कार्य समिति का विस्तार किया जायेगा। आगामी कार्यक्रम में पुरानी इटारसी में सेवा कार्य में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा का चौथा दिन

# हमें भगवान को नहीं भूलना चाहिएः राधादेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रीवृंदावन गार्डन इटारसी में चल रही श्री मद भागवत कथा के चौथे दिन ब्रजभूमि गोवर्धन से पधारी साध्वी राधा देवी जी 24 अवतारों की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा का हर अवतार अपने भक्तों के कल्याण करने के लिए हुआ है। सभी अवतारों में आकर परमात्मा ने अपने भक्तों का कल्याण किया है क्योंकि परमात्मा अपने भक्तों को कभी भी दुखी नहीं देख सकते।

गोस्वामी तुलसी दास ने कहा है कि जब जब होय धर्म की हानि। बाढ़ई असुर अधम अभिमानी ।करहीं अनीति जाहि नहीं बरनी। सिद्ही विप्र धेनु सुर धरनी। तब तब प्रभु धरी विविध सरीरा। हरही कृपा निधि सज्जन पीरा। जब जब धर्म की हानि होती है, गौ हत्या होती है, साधु संत ब्राह्मण की हत्या होती है, इनका अपमान होता है, सद्ग्रंथों का अपमान होता है, पृथ्वी पर नाना प्रकार के अत्याचार होते हैं, जिनका वर्णन नहीं किया जा सकता है। वह परमात्मा अपने भक्तों के लिए ही धरा धाम पर आते हैं प्रगट होते हैं। भगवान श्री कृष्ण कंस आदि राक्षसों का अंत करने के लिए ही धरा धाम पर आए और बालकाल में ही अनेक राक्षसों का अंत कर भक्तों का उद्धार किया। सात वर्ष सात महिना सात दिन की आयु में इंद्र का अहंकार दूर करने के लिए और भक्तों की रक्षा के लिए सात कोस के गिरिराज पर्वत को उठा लिया। ऐसे दयालु भगवान को कभी नहीं भूलना चाहिए।

कथा में महामंडलेश्वर श्रीभैया दास जी महाराज ने दीन दुखियों और देश की सेवा पर जोर दिया। कथा में सोहागपुर से महंत बंबईया बाबा, मनोहरदास सीताराम दास महाराज पधारे। कथा आयोजक सेवन स्टार ग्रुप के सदस्य जसवीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वृंदावन गार्डन, इटारसी में संपन्न होंगे। छाबड़ा के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक वातावरण को बढ़ावा देना और समाज में शांति व सद्भाव का संदेश फैलाना है।

## शिव महिमा कथा : मातृशक्ति ने कथावाचक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की सदस्यों ने जमानी वालों की चाल में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता की। यहां सरस्वती सेवा समिति एवं गृहलक्ष्मी महिला मंडल द्वारा श्री शिवमहापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। विहिप मातृशक्ति की बहनों ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथा व्यास पं. देवेंद्र दुबे के मुखारविंद से शिव महिमा का श्रवण किया। इस दौरान संगठन की ओर से कथावाचक का आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मातृशक्ति ने महाआरती में भाग लिया और धर्म लाभ लेते हुए प्रसादी ग्रहण की। कथावाचक के स्वागत और सत्कार के दौरान मुख्य रूप से नगर संयोजिका अनीता तिवारी, सह संयोजिका आरती मालवीय, सत्संग प्रमुख अर्चना सातपुते, सीमा भदौरिया, मीरा तिवारी, सुमन चौहान, पार्वती पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की बिक्री 1 तक बंद रहेगी

**हरदा।** पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन की बिक्री मंडी प्रांगण में अस्थायी रूप से बंद रहेगी। सचिव कृषि उपज मण्डी समिति हरदा ने बताया कि पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण 30 व 31 दिसंबर 2025 तथा 1 जनवरी 2026 को कृषि उपज मण्डी प्रांगण में सोयाबीन की बिक्री नहीं होगी। किसान 2 जनवरी 2026 के बाद भावान्तर योजना के तहत अपनी सोयाबीन की फसल मंडी प्रांगण में बेच सकेंगे। शेष अन्य फसलों की नीलामी प्रक्रिया मंडी में पहले की तरह जारी रहेगी।

### अब पुराने वाहनों की बिक्री के लिए भी लेना होगा ट्रेड सर्टिफिकेट

**सीहोर** । पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए परिवहन विभाग ने नए आदेश जारी किए हैं। इसके तहत अब सीहोर सहित प्रदेशभर में सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री के लिए भी ट्रेड सर्टिफिकेट लेना होगा। इसके लिए सभी को वाहन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उन्हें आईडी भी दी जाएगी, जिससे वे वाहनों की खरीदी-बिक्री कर सकेंगे। साथ ही डीलर अब सड़कों पर भी वाहन नहीं खड़े कर सकेंगे। वाहन खड़े करने के लिए भी उन्हें जगह का पर्याप्त इंतजाम करना होगा। परिवहन आयुक्त ने कहा कि 31 दिसंबर तक सभी डीलरों को वैध प्राधिकार पत्र लेना होगा। जिन्होंने बिना सर्टिफिकेट के सेकंड हैंड वाहनों की खरीदी-बिक्री की, उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी डीलरों की परिवहन विभाग में जल्द ही बैठक जाएगी। जहां उन्हें सर्टिफिकेट संबंधी जानकारी दी जाएगी। सीहोर जिले में करीब 50 डीलर हैं जो पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री करते हैं। इन्हें बिक्री की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करना होगी। कोई भी व्यक्ति बिना वैध प्राधिकार पत्र के पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री नहीं कर सकेगा।

### सीहोर बाइज ने सीहोर रेड को 3-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में चौथे दिन तीन मैच खेले गए पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया यह गोल 1-1 गोल की बराबरी पर रहा सीहोर गर्ल्स की तरफ से मुस्कान ने एक गोल किया सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से राजनाथ ने एक गोल किया प्रतियोगिता में दूसरा मैच सीहोर बाइज विरुद्ध सीहोर रेड के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर वॉइस 3-0 से विजय रही सीहोर बॉयज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया आदित्य ने एक गोल किया घनश्याम ने एक गोल किया प्रतियोगिता में तीसरा मैच सीहोर क्लब विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजयी रहा सीहोर क्लब की तरफ से ध्रुव ने एक गोल किया अनुज ने एक गोल किया एमजी क्लब की तरफ से शुभ ने एक गोल किया।

### विधायक राय ने मन की बात सुनकर किया अटलजी को नमन

**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को गंभीरता पूर्वक देखा और सुना। विधायक राय ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन भी किया। तत्पश्चात विधायक सुदेश राय और समाजसेविका अरूणा राय ने भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाकिारियों को मालाऐं पहनाकर बधाई शुभाकामनाऐं दी। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत विधायक सुदेश राय ने कार्यकर्ताओं के मध्य कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम से भाजपा के नवीन पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को शक्ति से भर दिया है। उन्होने अटलजी को नमन करते हुए कहा कि देश प्रेम हमें अटलजी से सीखने को मिलता है।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 पर समीक्षा बैठक की

# कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे: रोल आब्जर्वर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



संभागायुक्त नर्मदापुरम एवं रोल ऑब्जर्वर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट हरदा के सभाकक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, भारतीय जनता पार्टी से राजेश वर्मा, राजेश गोदारा व देवीसिंह सांखला, कांग्रेस से मोहन सांई व संजय जैन, बहुजन समाज पार्टी से प्रेमलाल गन्नोरे, आम आदमी पार्टी से रामकृष्ण आंजने सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि प्रारूप मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है, उन्हें 14 फरवरी के पूर्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर गंभीरता से निराकरण किया जाए। बीएलओ द्वारा दो प्रतियों में नोटिस तामील कराते हुए 7 दिवस में निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन कर नाम जोड़ने/हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नो मैप मतदाताओं की सुनवाई की फोटो अपलोड कर दो प्रतियों में आदेश जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेजों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। ईआरओ/एईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट तथा द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र., भोपाल के समक्ष की जा सकेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैन ने बताया कि 4 नवम्बर से 18 दिसम्बर तक चले गणना चरण के बाद 23 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जो जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में ईआरओ/एईआरओ कार्यालयों तथा सभी 517 मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध है। 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक आम नागरिक नाम जोड़ने, प्रविष्टि संशोधन या विलोपन हेतु दावे-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन तथा ऑफलाइन आवेदन बीएलओ के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

#### जिले की मतदाताओं की स्थिति

प्रारूप प्रकाशन में कुल 4,20,227 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 2,17,441 पुरुष, 2,02,779 महिला तथा 7 अन्य मतदाता हैं। 4,758 मतदाता नो-मैपिंग में चिन्हित हुए हैं। वहीं 20,708 मतदाता (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, रिपीट) को चिन्हित कर प्रारूप सूची में शामिल नहीं किया गया है। इनकी सूचियां ग्राम पंचायत/नगर निकाय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर तथा सीईओ वेबसाइट एवं एनआईसी हरदा साइट पर उपलब्ध कराई गई हैं। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे, जिनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होगा।

### रावे के छात्रों ने किया मंचन

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कृषि विज्ञान केंद्र हरदा की प्रमुख डॉ. संध्या मुरे के मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा से आए रावे के छात्रों ने माँ शारदा विद्या मंदिर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।


इस अवसर पर रावे के छात्रों ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यालय के विद्यार्थियों और उपस्थित समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छात्रों ने सही तरीके से हाथ धोने के वैज्ञानिक चरणों का प्रदर्शन किया और बताया कि यह कैसे कई बीमारियों से बचाव में मदद कर सकता है। कार्यक्रम में अपने घरों के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस, समाज और पूरे परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। नुक्कड़ नाटक के जरिए यह संदेश दिया गया कि कैसे हर व्यक्ति की छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारे शहर और देश को स्वच्छ और सुंदर बना सकती हैं। कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र सिंह तोमर और स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य श्री तोमर ने रावे छात्रों के इस अभिनव प्रयास की सराहना की और सभी से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

## शैक्षणिक भ्रमण व राष्ट्रीय कथा शिविर में हरदा के शिक्षकों का गौरवपूर्ण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुजरात के राजकोट जनपद के ग्राम प्रांसला में आयोजित 26वें राष्ट्रीय कथा शिविर में देशभर से आए छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच मध्य प्रदेश के शिक्षकों ने अपने उत्कृष्ट कार्य से विशेष पहचान बनाई। इस शैक्षणिक भ्रमण राष्ट्रीय कथा शिविर में देश के कोने-कोने से आए लगभग 21,000 विद्यार्थी तथा 2,000 में से अधिक शिक्षक सम्मानित हुए।

इस लघु भारत के महाकुंभ कहे जाने वाले राष्ट्रीय शिविर में हरदा जिले के छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्तम अनुशासन बनाए रखने तथा शिविर की बैठक व्यवस्था के संचालन में उत्कृष्ट सहयोग के लिए मध्य प्रदेश के शिक्षकों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश के हरदा जिले से सम्मिलित दल की कोच एवं नोडल अधिकारी शिक्षिका हेमलता अग्रवाल तथा शिक्षक धर्मेंद्र चंदेल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा को उनके इस उत्तम एवं श्रेष्ठ कार्य के लिए राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मेजर जनरल जी.डी. बख्शी, न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (स्वर्ण पदक विजेता), प्रकाश सिंह (कढर), अभिषेक गोयल (कउत्र चीफ), दीपक वोहरा एम्बेसडर देश के



महर्षि पतंजलि झां, वैदिक मिशन ट्रस्ट के प्रेरक पूज्य स्वामी धर्मबन्धु जैसी विशिष्ट हस्तियों के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। हरदा जिले के शिक्षकों की यह उपलब्धि सम्पूर्ण हरदा जिला एवं शिक्षा विभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस सम्मान ने न केवल जिले का ही नहीं अपितु पूरे मध्य प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।

## बालक और कन्या हाई स्कूल का निरीक्षण किया, अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस जारी

### बीईओ शशांक पालीवाल, विजय सिंह भिलाला स्कूल पहुंचे

**रहटगांव।** एकीकृत शासकीय काशीबाई पालीवाल कन्या एवं बालक शाला का किया आकस्मिक निरीक्षण, बी ई ओ, शशांक पालीवाल, विजय सिंह भिलाला, द्वारा किया गया।

जिस दौरान कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं की छात्र,छात्राओं से चर्चा एवं कॉपियां भी चेक की। पालीवाल द्वारा बताया कि 10वीं 12वीं का रिजल्ट पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और सुधारे एवं पढ़ाई का स्तर बढ़ाने हेतु टिमरनी ब्लॉक की शालाओं में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्टाफ में बिना जानकारी के दो शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिन्हें कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा एवं उचित कार्रवाई की जावेगी। वही दीवारों एवं छतो पर मकड़ी के जालो



का जाल देखकर स्टाफ एवं सफाई कर्मियों को निर्देश दिये, एवं सभी कमरों में स्वच्छता बनाए रखना के निर्देश दिऐ। पीने के पानी के लिए आरओ लगाने की बात कही। जिसे प्राचार्य से कहकर अति शीघ्र लगवाया जाएगा। जिससे छात्र-छात्राओं को शुद्ध पानी भी प्राप्त हो सके। जिस दौरान स्टाफ में प्रभारी शंकर शेषकर, शिक्षक ध्रुव गौर, राजेश ठाकरे, उर्मिला चौहान, उमेश वैस, सुंदरलाल कुल्हारे, गणेश राजगिरे, के सी तिवारी, कृपाराम बरदिया, ईति राव, समीक्षा गौर, वर्षा बजाज, बबली गौर, आरती कलोसिया, प्रदीप मालवीय मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## दाल मिल की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली



हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को जिले के औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विनायक श्री इंडस्ट्रीज स्थित दाल मिल प्रोसेसिंग यूनिट का विस्तृत निरीक्षण कर वहां की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिल के संचालक दीपक उपाध्याय ने कलेक्टर को पूरी यूनिट का भ्रमण कराया। उन्होंने दालों की सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग की आधुनिक प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री उपाध्याय ने विस्तार से बताया कि किस तरह कच्चे माल को प्रोसेस कर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार किए जाते हैं। निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्री जैन ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्ठ अभियान के तहत अशोक का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भ्रमण के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक मनोज पंवार, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मेघा सुमन, मिल संचालक दीपक उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र की अन्य गतिविधियों के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## रबी सिंचाई के लिए नहरों अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी पहुंचे: तिवारी

### नर्मदापुरम संभागायुक्त ने किया नहरों का निरीक्षण

**हरदा।** संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को जिले के विभिन्न नहर क्षेत्रों का सघन दौरा कर रबी फसलों की सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होने माचक नहर के टेल क्षेत्र के ग्राम पाहनपाट, सोनतलाई नहर के टेल क्षेत्र के ग्राम मसनगांव व रेवापुर नहर के ग्राम पलासनेर में नहर संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। संभागायुक्त श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहरों के टेल एंड (अंतिम छोर) पर स्थित खेतों तक पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने स्थानीय किसानों से चर्चा की और



उनसे सिंचाई में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से नहरों की निगरानी करें ताकि पानी की बर्बादी न हो और प्रत्येक पात्र किसान को अपनी फसल के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इस दौरान संयुक्त आयुक्त जी.सी. दौहर, जल संसाधन विभाग की कार्यपालन यंत्री सोनम वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का गतदिवस हरदा में स्वागत किया गया। इस दौरान कुर्मी क्षत्रीय गौर समाज संगठन के द्वारा गौर छात्रावास हरदा में स्वागत सत्कार किया। इसके साथ ही समाज की बड़ी समस्या कुर्मी एवं कुडमी वाले विषय पर चर्चा कर उसके शीघ्र निराकरण की मांग की गई। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार द्वारा पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक राधेश्याम गौर के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। पिछड़ा वर्ग के मंडल अध्यक्ष भीमराज गौर,पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राधेश्याम गौर, महामंत्री जयनारायण गौर को सहित समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कमल खेल महोत्सव में 8 टीमों ने भाग लिया

## ब्लॉक स्तरीय खो खो प्रतियोगिता हुई



**हरदा।** प्रतियोगिता में 12 से 19 वर्ष आयु के शासकीय अशासकीय स्कूल के बालक वर्ग में 10 टीम एवं बालिका वर्ग में 8 टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर मंडल अध्यक्ष बीजेपी, नितेश बादर महामंत्री पुरूषोतम झिंझोरे ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने मैदान पर श्रीफल भेंट कर खिलाड़ियों से परिचय कर किया। नितेश बादर ने खिलाड़ी का अभिवादन करते हुए कहा कि खिलाड़ी सदा खेल को खेल भावना से खेले, खेल जीवन में अनुशासन,संयम रखना सिखाता है। खेल एक ऐसी कला जिसमें खिलाड़ी झगड़ा करता ओर अंत में गले लग कर शिकायत भूल जाता हैं खेल नेतृत्व करना सिखाता है। इसलिए खेल में बेहतर प्रदर्शन करे हरदा जिले का नाम रोशन करे। प्रतियोगिता परिणाम बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर सन फ्लावर स्कूल हरदा, दूसरा स्थानरेड फ्लावर स्कूल नकवाडा,तीसरा स्थान शास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा ने अपने नाक आऊट मैच खेल कर जिले स्तरीय प्रतियोगिता हेतु स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा, दूसरा स्थान_ सन फ्लावर स्कूल हरदा और तीसरा स्थानशास उत्कृष्ट विद्यालय हरदा का रहा। चतुर्थ स्थान पर द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल हरदा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में हेमलता मंडराई, दीक्षा श्रीवास, पलक उयूके, वैशाली मंडराई, मालती कर्मा, नारायण प्रसाद उयूके, नितिन रामकुचे, तनिष्क मालवीय, आयुष उयूके का सहयोग रहा।

### कलेक्टर ने विभागों के अफसरों के साथ की समीक्षा बैठक

## चायनीज मांझे पर प्रतिबंध लगे, जिले की सड़कें दुरुस्त रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आमजन के सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में चायनीज मांझे के विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि जिले के मैदानी प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी चायनीज मांझे का उपयोग न हो और न ही इससे कोई दुर्घटना घटित हो। बैठक में उन्होने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को सड़कों की आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सड़कें किसी भी विभाग अंतर्गत हो, उनमें गड्ढे नहीं होना चाहिए। यथा समय सभी सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। कृषि उपज मण्डी हरदा में डिस्प्ले बोर्ड बंद होने की शिकायत पर कलेक्टर ने तत्काल डिस्प्ले बोर्ड चालू कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी बिना उचित अनुज्ञा के भवनों का निर्माण न हो। यदि किसी स्थान पर नियम विरूद्ध भवन निर्माण किया जा रहा है तो इस तरह के निर्माण को तत्काल तुड़वाया जाए।

बैठक में नर्मदा परिक्रमा पथ की प्रगति, अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों के भ्रमण की जानकारी



परख एप पर दर्ज करने एवं पटवारियों के ग्राम पंचायतों में बैठने के दिनों की सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, राजस्व वसूली के कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता से सम्पन्न कराया जाए। ग्राम पंचायतों द्वारा जलकर एवं अन्य करों की वसूली में प्रगति लाने के भी बैठक में निर्देश दिये गये। बैठक में जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल व एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।